



## एक नजर में

### नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु गांवों व शहरों में लग रहे हैं शिविर



**खण्डवा ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये प्रदेश में 12 जनवरी से संकल्प से समाधान अभियान प्रारम्भ किया गया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले की ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में नागरिकों से सम्पर्क कर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान का प्रथम चरण 15 फरवरी तक जारी रहेगा। कलेक्टर गुप्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड स्तर के दलों में शामिल अधिकारी कर्मचारी घर घर जाकर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही आवेदन प्राप्त करने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में शिविर भी लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान का दूसरा चरण 16 फरवरी,से 16 मार्च तक जारी रहेगा।

### कलश स्थापना के साथ हुआ विशाल भंडारा



**खंडवा।** मंगलवार को आनन्द नगर स्थित नवनिर्मित श्री नागलवाड़ी भीलटदेव बाबा मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना कर 28 वां स्थापना दिवस श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। यह जानकारी देते हुए मंदिर प्रमुख संतोष राठौर एवं निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस शुभ मौके पर प्रातः 10 बजे से मंदिर परिसर में पं. प्रबल दीक्षित सहित पांच पंडितों के वैदिक मंत्रोंच्चारण एवं गगनभैदी जयकारों के मध्य हवन यज्ञ, मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ। तत्पश्चात दोपहर 2.30 बजे से विशाल भंडारा में महाप्रसादी का वितरण हुआ। इस दौरान रामनारायण राठौर, अतुल शुक्ला, अमरचंद राठौर, संदेश राठौर, राजेश गीते, रविंद्र चांडक, यादव सोनवाने, निर्मल मंगवानी, प्रवीण राठौर, राजेंद्र भार्गव, ताराचंद कानूनगों, दिलीप बगलेकर, तारकेश्वर चौरे, माता, बहनों, बच्चों आदि सहित नगर के अनेक गणमान्यजनों सहित दूर-दूर से पधारे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दाल-बाफले की भंडारा प्रसादी ग्रहण की।

### नेत्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की

**खंडवा।** संतोष नगर निवासी सेठी परिवार से विमला देवी सेठी के निधन के उपरांत परिजनों ने नेत्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की। शोक की घड़ी में लिया गया यह निर्णय कई जरूरतमंदों के जीवन में उजाला लाएगा। पुत्र कमलेश सेठी, भतीजे अरुण, आलोक सेठी, सुमित सहित पौत्र आकाश एवं पूरे सेठी परिवार की सहमति से लायन्स नेत्रदान एवं देहदान जनजागृति समिति द्वारा नेत्रदान सम्पन्न कराया गया। समिति संयोजक नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स क्लब खंडवा, सक्षम संस्था, एम.के.आई. बैंक एवं लियो क्लब के सहयोग से यह 520वाँ नेत्रदान पूर्ण हुआ।

### जनसुनवाई में भ्रष्टाचार और लापरवाही पर प्रशासन सख़्त, दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश

**खंडवा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में प्रशासन ने भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और शासकीय योजनाओं में लापरवाही को लेकर सख़्त रुख अपनाया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले, संयुक्त कलेक्टर दिनेश सांवले, सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के स्पष्ट संकेत दिए। उत्कृष्ट विद्यालय खंडवा से सेवानिवृत्त श्री अनिल जैन द्वारा वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिए जाने और पेंशन कम फिक्स किए जाने की शिकायत पर प्रशासन ने इसे गंभीर प्रशासनिक चूक माना। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि पात्रता अनुसार वेतन वृद्धि का लाभ देते हुए पेंशन का पुनः निर्धारण तत्काल किया जाए, अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी। हरसूद विकासखंड के ग्राम पंचायत तोरनिया के ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव पर बिना कार्य कराए निर्माण कार्यों का भुगतान निकालने का आरोप लगाया। जिला पंचायत सीईओ डॉ. गौड़ा ने इसे प्रथम दृष्टया गंभीर मानते हुए जनपद पंचायत के सीईओ को विस्तृत जांच कर दोषी पाए जाने पर सख़्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

**फसल बीमा व मुआवजा प्रकरणों में अनियमितता पर सख़्ती:** ग्राम सैयदपुर खेगांवड़ा निवासी राधेश्याम और पुनासा तहसील के ग्राम जामकोटा निवासी नारायण द्वारा अतिवृष्टि से फसल खराब होने के बावजूद लाभ नहीं मिलने की शिकायतों पर प्रशासन ने नाराज़गी जताई। संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अपात्र को लाभ और पात्र को वंचित करने की स्थिति स्वीकार्य नहीं होगी, जांच कर शीघ्र लाभ प्रदान किया जाए। गिरिजा बाई द्वारा पति की मृत्यु के बाद पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलने की शिकायत पर जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि नियमों के अनुसार शीघ्र कार्रवाई की जाए।

### ज़रूरत वाले बच्चों के लिए संबल बनी फोस्टर केयर योजना

**खंडव।** भारत सरकार के मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित फोस्टर केयर योजना देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना के तहत बाल देखरेख संस्थाओं में रहने वाले 6 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे, विशेष जरूरतों वाले बच्चे, बिना अभिभावक या अयोग्य अभिभावक वाले बच्चे तथा जिन्हें दत्तक ग्रहण के लिए परिवार नहीं मिला है, लाभान्वित किए जाते हैं। जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती रत्ना शर्मा ने बताया कि पात्र पाए गए प्रति बच्चे के लिए 4 हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जाती है। योजना की अधिक जानकारी के लिए जनपद पंचायत परिसर स्थित जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, खंडवा में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

# कॉलेज के पास शराब दुकान से छात्राएं असुरक्षित

## परेशान छात्राओं का जनसुनवाई में फूटा आक्रोश

### 8 माह पहले की शिकायत पर भी नहीं हुई कार्रवाई

नवभारत

**खंडवा ।** शहर के गणेश तलाई रोड स्थित क्रिश्चियन महिला बुनियादी प्रशिक्षण संस्था की छात्राओं का सब्र मंगलवार को जवाब दे गया। कॉलेज परिसर से सटी शराब दुकान के कारण रोज़ाना हो रही छेड़छाड़, अश्लील टिप्पणियों और असामाजिक गतिविधियों से परेशान छात्राएं मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्ट्रेड पहुंची और शराब दुकान को तत्काल हटाने की मांग की।



**असामाजिक तत्वों का अड्डा बनी शराब दुकान:** छात्राओं ने आरोप लगाया कि शिक्षण संस्था के ठीक बाहर संचालित शराब दुकान असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुकी है। दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। कॉलेज आने-जाने के दौरान छात्राओं पर फब्तियां कसी जाती हैं, भद्दे कमेंट्स किए जाते हैं और कई बार रास्ता रोककर डराने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। शराबी सड़क पर वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे जाम और विवाद की स्थिति बनती है।

### 8 माह पहले की शिकायत भी ठंडे बस्ते में

सबसे गंभीर पहलू यह है कि संस्था प्रबंधन ने 28 मार्च 2025 को जिला आबकारी अधिकारी को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन 8 महीने बीतने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन की इसी उदासीनता के चलते आज छात्राओं को जनसुनवाई का सहारा लेना पड़ा. दिए गए आवेदन पर कलेक्टर कार्यालय से जिला आबकारी अधिकारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि छात्राओं का कहना है कि निर्देश पहले भी मिले, लेकिन ज़मीनी स्तर पर कोई बदलाव नहीं हुआ।

### शराब दुकानों के खिलाफ बढ़ता जनआक्रोश

गौरतलब है कि खंडवा जिले में बीते 6 महीनों के दौरान जनसुनवाई में शराब दुकानों और अवैध शराब के खिलाफ आवेदनों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक महिलाएं और सामाजिक संगठन शराब दुकानों को हटाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच रहे हैं।

इस मामले में भी संस्था की 30 से अधिक छात्राओं जिनमें चाहत, निशा, काजल, शिवानी सहित अन्य छात्राओ ने हस्ताक्षर कर अपना विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि जब तक शराब दुकान नहीं हटेगी, आंदोलन जारी रहेगा।

# तीन दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण प्रारंभ

## शहरी साख सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारियों के लिए

नवभारत

**खंडवा।** सामाजिक-आर्थिक विकास में सहकारिता की भूमिका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, नई दिल्ली एवं जिला सहकारी संघ खंडवा के संयुक्त तत्वावधान में बुरहानपुर जिले की शहरी साख सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारियों के लिए तीन दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 20 से 22 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ बुरहानपुर स्थित पंचवटी होटल में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



कार्यक्रम में सहकारी प्रशिक्षण केंद्र इंदौर के पूर्व प्राचार्य के. एल. राठौर ने सहकारी संस्थाओं में बैठकों के महत्व, उनके प्रकार, बैठक से पूर्व की तैयारी एवं सहकारी प्रबंधन के गुणों पर विस्तार से प्रकाश डाला। निरंजन कुमार कसारा ने नेतृत्व विकास के विभिन्न चरणों एवं प्रभावी नेतृत्व के गुणों की जानकारी दी। सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पी. एम. सोनवणे एवं आकाश अग्रवाल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी, जबकि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की योजनाओं से शाखा प्रबंधक अशोक चौधरी ने प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया।

जिला सहकारी संघ के सहायक प्रबंधक मनोज पालीवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक मेहताबसिंह भदौरिया ने किया। प्रशिक्षण में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग, पूंजी आधार सुदृढ़ीकरण, जमाकर्ताओं के धन की सुरक्षा, नवाचार एवं केंद्र सरकार की सहकारिता संबंधी योजनाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिले की शहरी साख सहकारी संस्थाओं के लगभग 40 प्रशिक्षार्थियों ने सहभागिता की।

### आरपीएफ ने नाबालिग बालिका को बाल संरक्षण तंत्र के सुपुर्द किया



नवभारत

**खंडवा।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सतर्कता से कक्षा 10वीं में अध्ययनरत 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को खंडवा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित रेस्क्यू कर बाल संरक्षण तंत्र के सुपुर्द किया गया। बालिका उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले की निवासी है, जो पारिवारिक विवाद के बाद बिना टिकट गोरखपुर-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस से मुंबई जा रही थी। स्कूल ड्रेस में होने से उसकी नाबालिग अवस्था स्पष्ट थी।

सूचना मिलते ही बाल कल्याण समिति खंडवा ने अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में बालिका को संरक्षण में लेकर संवेदनशील एवं मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग की। काउंसलिंग में पारिवारिक संवाद की कमी कारण के रूप में सामने आई। समिति ने बालिका, उसकी बहन एवं पिता को आपसी समझ, धैर्य और सहयोग का महत्व समझाया। समिति सदस्यों मोहन मालवीय, रुचि पाटिल, कविता पटेल व स्वप्निल जैन के सहयोग से सभी वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर बालिका को सुरक्षित रूप से परिजनों के सुपुर्द किया गया। यह प्रकरण बाल अधिकारों की सुरक्षा और प्रभावी पुनर्वास का उदाहरण है।

### सीखो कमाओ योजना: युवाओं को प्रशिक्षण के साथ मिलेगा 10 हजार तक का स्टाइपेंड

**नवभारत,खंडवा।** जिले के बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास के साथ रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना एक सुनहरा अवसर साबित हो रही है। शासकीय आईटीआई खंडवा के प्राचार्य एवं जिला अनुमोदन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत 18 से 29 वर्ष के 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण के दौरान 8 हजार से 10 हजार रुपये तक का मासिक स्टाइपेंड दिया जाएगा। योजना के प्रावधानों के अनुसार 12वीं पास को 8 हजार, आईटीआई उत्तीर्ण को 8500, डिप्लोमा धारी को 9 हजार और स्नातक या उच्च शिक्षित युवाओं को 10 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे, जिसमें से 75 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा सीधे बैंक खाते में और शेष 25 प्रतिशत राशि संबंधित प्रतिष्ठान द्वारा दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरा स्टाइपेंड प्राप्त करने के लिए माह में कम से कम 25 दिन उपस्थिति अनिवार्य होगी, जबकि 12 दिन से कम उपस्थिति पर स्टाइपेंड की पात्रता नहीं रहेगी। योजना में होटल मैनेजमेंट, मीडिया, बैंकिंग, सॉफ्टवेयर और रेलवे जैसे कई महत्वपूर्ण सेक्टर शामिल किए गए हैं।

### जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में एंजेल्स प्लेनेट स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

नवभारत

**खंडवा।** एंजेल्स प्लेनेट स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है। 19 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के हार्दिक यादव ने गोला फेंक स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रणव पटेल ने 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अनुक बामनिया ने ऊँची कूद में तथा मोक्ष यादव ने कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्णिम सफलता दर्ज की। इसके अतिरिक्त वंशिका राय का चयन क्रिकेट में राज्य स्तर के लिए किया गया है। इसी क्रम में यथार्थ यादव का चयन राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता एवं वैदिक बाथम का चयन वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित सभी खिलाड़ी 21 से 27 जनवरी के बीच इंदौर, भोपाल एवं उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि खेलो एमपी के अंतर्गत इस वर्ष 28 खेलों को शामिल किया गया है, जिनमें पारंपरिक खेल पिट्ठू को भी पहली बार स्थान दिया गया है। इस महाअभियान में लगभग 1.5 लाख खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विद्यालय के डायरेक्टर श्री रितेश गोयल, श्री प्रमोद पुरी एवं श्री दर्पण सकलेचा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रचार्या श्रीमती डोना ईम्स, एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेटर श्री विजय जैन, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर श्रीमती शेफाली गंगराड़े तथा खेल शिक्षकों ने भी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया ।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26: सार्वजनिक शौचालयों की गुणवत्ता को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत

**खंडवा ।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत सार्वजनिक, सामुदायिक एवं स्कूल शौचालयों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु एसबीएम कार्यालय, जिला उद्यान में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में खुले में शौच एवं खुले में मूत्र विसर्जन की रोकथाम, शौचालयों के संचालन एवं रख-रखाव, फील्ड स्थिति एवं दस्तावेज़ीकरण से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभी केयरटेकरों को शौचालय स्वच्छ, सुरक्षित एवं उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

ODF++ मानकों के अनुरूप दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएँ, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ जल की उपलब्धता तथा नियमित सफाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

### यातायात पुलिस खंडवा द्वारा यातायात जागरूकता अभियान



नवभारत

**खंडवा ।** पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में यातायात पुलिस खंडवा द्वारा जनवरी 2026 यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा को लेकर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री अनिल कुमार राय एवं थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक देवेंद्र सिंह परिहार के मार्गदर्शन में सुरक्षित यातायात विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर, मोतीलाल नेहरू, सूरजकुंड, सेंट जोसफ एवं एम.एल.बी. स्कूल के सीनियर व जूनियर वर्ग के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने चित्रों के माध्यम से हेलमेट, सीट बेल्ट, यातायात नियमों के पालन एवं शराब पीकर वाहन न चलाने का संदेश दिया। साथ ही इंदिरा चौक बस स्टैंड पर रिफ्लेक्टिव रेडियम लगाए गए। जागरूकता के साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध 45 चालान बनाकर 30,200 का जुर्माना वसूला गया। इस कार्रवाई से सड़क सुरक्षा का सशक्त संदेश दिया गया।

### आनंद उत्सव 2026 के अंतर्गत हल्दी-कुमकुम समारोह का भव्य आयोजन

## महापौर अमृता अमर यादव के नेतृत्व में शहर की महिलाओं की सशक्त सहभागिता

नवभारत

**खंडवा।** मंगलवार को आनंद उत्सव 2026 के अंतर्गत टापड़िया गार्डन में हल्दी-कुमकुम समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन महापौर अमृता अमर यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें पूरे शहर से लगभग 2500 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाया कार्यक्रम का गौरव:** समारोह के दौरान विभिन्न महिला समूहों द्वारा गणगौर नृत्य, भजन प्रस्तुति, आदिवासी नृत्य एवं गरबा जैसी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। आनंद उत्सव के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में मूकबधिर बच्चों द्वारा प्रस्तुत रोचक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

**प्रतियोगिताएँ, सम्मान एवं जागरूकता गतिविधियाँ:** कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वच्छता एवं जल संरक्षण से संबंधित विषयों पर आधारित क्विज़ का आयोजन कर महिलाओं में जनजागरूकता का संदेश दिया गया।

**महापौर का उद्बोधन एवं उपहार वितरण:** माननीय महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को उपहार वितरित किए एवं कार्यक्रम के अंतिम चरण में नारी शक्ति पर प्रेरणादायी उद्बोधन प्रस्तुत किया, जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास एवं सहभागिता की भावना और सुदृढ़ हुई।

**संचालन एवं व्यवस्थाएँ:** कार्यक्रम का संचालन प्रतिमा अरोरा एवं नमिता जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में पिंकी राठौर, मोनिका शर्मा, मीना गिरी सहित नगर निगम की समस्त महिला पार्षदगणों का सराहनीय सहयोग रहा।